हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

9 माता रानी के जयकारों से गुंजायमान होंगे मंदिर



10 बिना पंजीकरण के प्ले स्कूलों में खेल रहे हैं...



## खबर संक्षेप

### गांव गिगनाऊ की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में चोरी

**लोहारू।** गांव गिगनाऊ की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कथित रूप से तीन कमरों का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपयों की कीमत का जरूरी सामान चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में सुनीता गुप्ता ने बताया कि वह सुबह जब स्कूल में ड्यूटी पर पहुंची तो देखा कि तीन कमरों के ताले टूटे पड़े हैं और उन कमरों में रखा दैनिक जरूरत का सामान जैसे पतीला, पंखे, फर्राटा आदि सहित हजारों रुपयों की कीमत का सामान गायब था। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### भर्ती प्रक्रिया में आएगी पारदर्शिता : सिंह

**भिवानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप सिंह ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए भर्ती विधान की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि भर्ती विधान के अनुसार सबसे पहले युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी देने के लिए मौजूदा सरकार में जड़ जमाए बैठे पेपर लीक और नौकरियों को बेचने वाले माफिया का सफाया किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर भर्ती संबंधी सभी एजेंसियों व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित होंगी।

### ट्रैक्टर से टक्कर मारने पर एक व्यक्ति की मौत

**बवानीखेड़ा।** ट्रैक्टर चालक द्वारा तेज गति से टक्कर मारने पर एक व्यक्ति की मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में दी शिकायत में हिसार के डाटा निवासी रीनू ने बताया कि वह 2 वर्ष से मायके बवानी खेड़ा में पिता बलबीर के साथ रहती है। रविवार सांय लगभग सवा सात बजे वह मजदूरी करके अपने घर जा रही थी और मुकेश के घर के पास पहुंची तो मेरे परिवार में चाचा दिलबाग व बिन्टू मेरे पीछे से स्कूटी पर आए और मेरी साइड में सड़क से नीचे रोक लिया और बातचीत करने लगे। इतनी देर में ट्रैक्टर चालक द्वारा तेज गति से ट्रैक्टर को चलाते हुए आया और सीधे टक्कर मार दी । वाहन चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

### ऑनलाइन सेवाओं का उठाएं लाभ : उपायुक्त

**चरखी दादरी।** निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता से लेकर उम्मीदवार तक सभी के लिए ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। मतदाता के लिए वोटर हेल्पलाइन और उम्मीदवारों के लिए सुविधा एप शुरू की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने मतदाताओं व चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से इन ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे अहम होती है और निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव में नागरिकों की पूर्ण सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप काफी कारगर है, जिसके माध्यम से 18 वर्ष पूरी कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# सरसों बेचने आए किसानों को घंटों तक करना पड़ रहा इंतजार

## आढ़तियों से अधिकारियों के साथ सेटिंग का आरोप, मार्केट कमेटी सचिव ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम अनाज मंडी में सोमवार सुबह सरसों की फसल बेचने आए किसानों का दोपहर बाद तक नंबर ना आने और धूप में लंबी लाइन लगने से किसान काफी मायूस नजर आए। वहीं मंडी में उठान की प्रक्त्रिया धीमी चलने से सरसों के ऊंचे.ऊंचे ढेर लग गए और पूरा मंडी परिसर सरसों की फसल से अटा हुआ है यदि ऐसे में बारिश आ जाए तो नजारा कुछ अलग ही होगा और उस समय देखने वाला यह नहीं समझ पाएगा कि पानी में सरसों है या सरसों में पानी है। वहीं गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि मंडी में मौजूद आढ़तियों से संबंधित विभाग के कर्मचारी अंदरुनी सेटिंग करने का भी कथित रूप से आरोप है, जिससे स्पष्ट है कि यदि ऐसा है तो ऐसे में किसान को परेशानी होना लाजमी है। वहीं मार्केट कमेटी सचिव ने इन आरोपों को सिरे से नकारा है।

तोशाम अनाज मंडी में पिछले कुछ दिनों से सरसों की फसल खरीद का कार्य चल रहा है। जिसमें पिछले दो दिन तो फसल खरीद का कार्य बंद रहा जिससे सोमवार को





**तोशाम।** तोशाम में सरसों के लगे ऊंचे ढेर और सड़क पर सरसों से भरे लाइनों में खड़े ट्रैक्टर ट्राली। फोटो : हरिभूमि

### उठान प्रक्रिया ढीली होने से लगे ढेर

तोशाम अनाज मंडी में खरीदी गई सरसों की फसल की उठान प्रक्रिया धीमी होने की वजह से मंडी परिसर में सरसों की फसल के ऊंचेऊंचे ढेर लगे हुए थे। वहीं सैकड़ों किसान लाइन में लगे हुए थे यदि उन सभी किसानों की फसल खरीद पूरी भी हो जाएगी तो जगह के अभाव में सरसों की फसल को खाली कहां करवाया जाएगा और जो किसान किराए के वाहन में फसल बेचने के लिए लाया है यदि वह वाहन खाली नहीं हुआ तो ऐसे में भी किसान को किराए के रूप में अतिरिक्त आर्थिक नुकसान सहना पड़ेगा। किसान को खरीद पूरी होने तक अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### गेट पास की समस्या नहीं

मार्केट कमेटी सचिव सुदेश रानी से बात की गई तो उन्होंने आरोपों को सिरे से नकारा और कहा कि पिछले 2 दिन खरीद का कार्य बंद था उस वजह से आज फसल खरीद कार्य में किसानों की भीड़ है। इसी कारण फसल बेचने आए किसानों को इंतजार करना पड़ा है, किसान जल्दबाजी कर रहे हैं मैं पहले आया मैं पहले आया। तीन कंप्यूटर ऑपरेटर हमने लगाए हुए हैं गेट पास की कोई समस्या नहीं है आज फसल खरीद का कार्य निरंतर चल रहा है और कोई दिक्कत नहीं है।

- उठान प्रक्रिया धीमी होने से तोशाम अनाज मंडी में सरसों के लगे ऊंचे-ऊंचे ढेर, मंडी परिसर फसल से पूरी तरह से अटा

मंडी में फसल बेचने आए किसानों के ट्रैक्टर.ट्रालियों की लंबी लाइन लग गई और सुबह 7 बजे लाइन में लगे किसानों का दोपहर बाद तक भी नंबर नहीं आया। ऐसे में गर्मी के मौसम के चलते कड़कड़ाती धूप में किसानों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा और सुबह से दोपहर बाद तक लाइन में लगे किसान अपने ट्रैक्टर की सीट से ही चिपके रहने पर मजबूर रहे। इस दौरान गांव बादलवाला से आए किसान सत्यवान ने बताया कि सुबह 7 बजे वह अपनी सरसों बेचने के लिए तोशाम मंडी में आया था,लेकिन दोपहर 3 बजे तक भी उसका नंबर नहीं आया है और अभी शाम तक भी नंबर आने की कोई उम्मीद नहीं है। वहीं गांव ढाणी किरावड़ से सरसों बेचने के लिए आए किसान सतीश ने बताया कि गर्मी के कारण हाल बेहाल है सरसों बेचने के लिए सुबह तोशाम अनाज मंडी में आए थे,लेकिन दोपहर बाद तक नंबर नहीं आया है सुबह से कड़ी धूप में लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन नंबर की कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान गांव ढाणी माहू से अपनी सरसों की फसल बेचने तोशाम अनाज मंडी में आए कृष्ण कुमार ने बताया कि लाइन में वह सबसे पीछे हैं और उनसे आगे 4 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी हुई है उन्हें कोई उम्मीद नहीं है कि रात तक नंबर आएगा या नहीं।

# न्यूड वीडियो कॉल के जरिये ब्लैकमेल करने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी।

गांव जेवली निवासी व्यक्ति को न्यूड वीडियो कॉल करने के बाद ब्लैकमैल कर लाखों रुपयों हड़पने के तीसरे आरोपी को पुलिस ने काबू किया है। मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आज आरोपी को न्यायल में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

दादरी जिले के गांव जेवली निवासी रमन ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता राजकुमार के पास 22 जनवरी को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल प्राप्त हुई थी, कॉल पर एक न्यूड लड़की बात कर रही थी। उसके बाद 23 जनवरी को उसके पिता के मोबाइल पर न्यूड वीडियो कॉल को रिकार्ड व्हाट्सएप पर भेजा और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर गिरफ्तारी की धमकी दी। उसने कहा कि हमें आपके खिलाफ शिकायत मिली है, गिरफ्तारी से बचना हो तो रुपये देने होंगे। उसके

### ■ तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

पिता ने धमकी के डर से उसके बताए गए मोबाइल नंबर पर गुगल पे के माध्यम से 2 लाख 46 हजार 300 रुपये भेज दिए। राजकुमार के बेटे रमन ने पिता के साथ फ्रॉड किए जाने पर साइबर क्राइम थाना दादरी में शिकायत देकर कार्रवाई करने व रुपये वापस दिलाने की मांग की, जिस आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू की।

# सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा में घटे अनुचित साधन के प्रयोग के केस

- सेकेण्डरी व सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से 02 अप्रैल तक हुई

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सेकेण्डरी व सीनियर सेकेंडरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से आरम्भ होकर 02 अप्रैल, 2024 को सम्पन्न हो गई है। इन परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 1484 परीक्षा केंद्र गठित किए गए थे, जिन पर 05 लाख 80 हजार 533 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए, जिसमें 3 लाख 07 हजार 333 छात्र एवं 2लाख 73 हजार 200 छात्राएं शामिल हैं। डॉ. यादव ने बताया कि बोर्ड द्वारा गत वर्ष की भान्ति इस बार भी नकल करने व करवाने वालों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई थी, जिसकी वजह से नकल में भारी गिरावट आई है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि पिछले पांच सालों के आकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष.2018 में 43, वर्ष.2019 में 109, वर्ष.2020 में 30, वर्ष.2022 में 63 एवं वर्ष.2023 में 40 परीक्षा केन्द्रों की परीक्षाएं रद्द की गई थी।

# स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव बजीणा स्थित पीएमश्री राजकीय वमा विद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा सोमवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को विद्यालय प्रभारी शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं वाणिज्य के प्रवक्ता सुमेर सिंह के नेतृत्व में निकाली जागरूकता रैली ने गांव की गली-गली में घूमकर ग्रामीणों को मतदान की महत्ता के बारे में कविता व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया तथा राष्ट्र विकास में मतदान की



**भिवानी।** जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते विद्यालय प्रभारी शैलेश।

अहमियत के बारे बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है और उन्हें इस बात का बोध होना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती में मतदान जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान के माध्यम से हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते है तथा लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, देश की तरक्की भी उतनी ही तेजी से होगी, इसीलिए 18 वर्ष व इससे अधिक आयु के प्रत्येक मतदाता को मत का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर सरपंच सुंदरी देवी, मुकेश, किरण देवी, जितेंद्र, संजय, रमेश रोहिल्ला, अनिल शर्मा, रामअवतार, मंजू बाला, सीमा, ज्योति, धर्मेंद्र पीटीआई, स्वयंसेवक सोनू, पायल, महक, संगीता, रिया, रवीना आदि मौजूद रहे।

### प्रत्याशियों को करना पड़ सकता है मतदाताओं के आक्रोश का सामना

**बवानीखेड़ा।** लोकसभा चुनावों को लेकर निवार्चन आयोग द्वारा चुनावों की तारीख तय कर दी है। कुछ पार्टी द्वारा अपनी प्रत्याशी के नाम भी तय कर दिए हैं तो कुछ पर अभी सस्पेंस बना हुआ है। हर पार्टी प्रत्याशी अपनी जड़े मजबूत करने में लगे हैं व पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी पार्टी उम्मीदवार की जीत के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन पार्टी व प्रत्याशी कोई भी हो लेकिन कस्बा में मतदाताओं से मतदान करवाना इस बार काफी मुश्किल होगा ,क्योंकि कस्बा में मूलभूत सुविधाएं न होने व नेताओं के लॉलीपाप देने की बात को जनता भांप चुकी है और पिछले काफी समय से मतदाता भी चुनावों का ही इंतजार कर रहे थे और चुनाव नजदीक आ ही गए। कस्बा में काफी समय से खेल स्टेडियम नहीं है जिसके लिए खिलाड़ियों युवाओं बुजुर्गों ने इसके लिए नीचे से उपर तक इसके लिए आग्रह किया लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। वहीं कस्बा की बजाए गांवों में बड़े.बड़े खेल स्टेडियम है और वहां की प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय.अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर झंडे गाड़े हैं, इसके अलावा कस्बा में सीवरेज व्यवस्था का जनाजा निकला हुआ है, पीने के पानी की बजाए कस्बावासियों को मैले पानी सप्लाई हो रही है।

# स्वीप टीम ने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर के मार्गदर्शन में स्वीप टीम द्वारा लगातार पूरे जिला के विभिन्न ग्रामीण, शहरी व कस्बाई इलाकों में पहुंच कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को अपने वोटिंग के अधिकार का चुनावों में अधिक से अधिक इस्तेमाल करते हुए लोकतंत्र को मजबूती देने में सहयोग अवश्य दें।

इसी कड़ी में स्वीप टीम सदस्य मास्टर सुंदरपाल फौगाट, रविंद्र जाखड व हरपाल आर्य व अन्य सार्थी क्षेत्र के विभिन्न गांवों चांगरोड, बालरोड, दुधवा व नोसवा, पालडी



आदि में पहुंचे। टीम ने राजकीय विद्यालयों सहित अनाज मंडी व अन्य जगहों पर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान सभी को समझाया कि उनका एक एक वोट मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए आवश्यक है, उनकी जागरूकता देश की दिशा व दशा को बदलने में सहयोगी बन सकती है। ग्रामीणों के सहयोग से स्लोगन व नारे लिखी पट्टियों के जरिए मतदान के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई।

# छात्राओं को एड्स के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य त्रिलोकचंद की अध्यक्षता एवं प्रोफेसर मुकेश कुमार के निर्देशन में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में एचआईवी एड्स के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता फैलाना एवं छात्राओं को टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया, ताकि छात्राएं एचआईवी एवं एड्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। एचआईवी एवं एड्स से संबंधित पुस्तकों को महाविद्यालय की छात्राओं में आवंटित



किया व एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में छात्राओं को बताया, ताकि वे एचआईवी व एड्स के बारे में स्वयं जागरूक हो सके एवं समाज को भी जागरूक कर सके। इस मौके पर क्लब के संयोजक सहायक प्रोफेसर मुकेश, प्रोफेसर रेखा शर्मा, डॉ. श्वेता, डॉ. विजेता, प्रोफेसर अनिल, प्रोफेसर मंजीत बेनीवाल, प्रोफेसर सुशीला, डॉ. रेणुबाला, प्रोफेसर मंजू रानी उपस्थित रहे।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला की कार्यकारिणी ने जताया विरोध

**भिवानी।** बजट वापस निकालने पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला की समस्त कार्यकारणी ने मौलिक शिक्षा अधिकारी का विरोध किया। जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह चाहर प्रेस को जारी बयान में बताया कि जिले के प्राथमिक अध्यापकों का सैलरी बजट मार्च महीने का वापस निकालने पर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का विरोध करके नाराजगी प्रकट की है

जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर व प्रैस प्रवक्ता अनिल सांगवान ने बताया कि जिले के प्राथमिक शिक्षकों को फरवरी मास के महीने में एफडी द्वारा कैप लगाने पर भी लोन किस्त लेट हुई थी और एक बार फिर मार्च मास में भी प्राथमिक अध्यापकों का बजट निकाल लिया गया। पिछले महीने की तरह प्राथमिक अध्यापकों का बजट एक बार फिर निकाल लिया गया और फरवरी मास की तनख्वाह अप्रैल मास तक मिली है।



**भिवानी।** पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश देती एसपी पूजा वशिष्ठ।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- अवैध खुर्दा व अवैध शराब की बिक्री करने वाले के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई
- दूसरे जिला की सीमा पर पूरी चौकसी बरतें व नियमित नाकों पर वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने पुलिस अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी आदर्श चुनाव संहिता का पालन करें तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्य शीघ्र पूरा करें। चुनाव आयोग के निर्देशों की दृढ़ता से पालना करें। उन्होंने कहा कि जिला के साथ लगते दूसरे जिला की सीमा पर पूरी चौकसी बरतें व नियमित नाकों पर वाहनों तथा व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें।

एसपी ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर शिकंजा कसें। जिला स्तरीय अपराध व कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिले में घटित अपराध के आंकड़ों का विश्लेषण किया व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने को विचार विमर्श किया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने थाना के पेंडिंग केसों व केस प्रॉपर्टी का शीघ्र निपटारा करवाएं।

उन्होंने कहा कि पुराने वाहन जो थानों में खड़े हैं, उन्हें डिस्पोज करवाने के दिशा निर्देश दिए तथा लम्बित बिसरा को अति शीघ्र एफएसएल में जमा करवाए। मीटिंग में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस की प्राथमिकताओं बारे बताते हुए दिशा-निर्देश दिए गए। थाने में आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई हो और शिकायत पर तुरंत निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्यवाही की जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कड़े शब्दों में प्रबंधक थाना को निर्देश देते हुए कहा कि लम्बित कार्य किसी भी सुरत में बर्दास्त नहीं होगा।

## वैश्य महाविद्यालय भिवानी में दीक्षांत समारोह का आयोजन

# शिक्षा,संस्कार व संस्कृति हमारे देश की पहचानः गक्खड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवा वर्ग को चाहिए कि वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान करके भारत को सुपर पावर बनाने व राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका अदा करें। युवा वर्ग के लिए शिक्षा केवल ज्ञान व जानकारी हासिल करने का ध्येय ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन होना चाहिए, जिससे समाज में व्यापक स्तर पर बदलाव आए।

यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी के दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं खेल विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार ने कही। दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि अशोक कुमार, समारोह अध्यक्ष हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. एसके गक्खड़, विशिष्ट अतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ,वैश्य



**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए।

महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ.पवन बुवानी वाला महासचिव सुरेश गुप्ता,कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ ,अन्य ट्रस्टीगगणों, अतिथियों व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। दीक्षांत समारोह में 800 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित की। वैश्य कॉलेजप्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय की प्राथमिकता विद्यार्थियों का सवांगीण विकास करना है जिसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को उभारने को निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया और बताया कि कॉलेज पिछले 80 साल से उन्नति के नये कीर्तिमान स्थापित करता आ रहा है। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व छात्र राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद के परम संत हुजूर कंवर साहेब महाराज ने शिरकत की। संत हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि आज महाविद्यालय में आकर पुरानी यादें ताजा हो गई,उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि आज का युग तकनीकी का युग है इसे अपनाकर विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर आगे बढ़ना चाहिए। इस तरह के आयोजन सामाजिक विचलन को रोकने में अहम भूमिका अदा करते हैं।



चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

# मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

### मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

### नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।


### मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

**मां के** रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

# आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।



**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकेन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर

आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

# व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन



नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

**प्रस्तुति:निधि गोयल**

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

# नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार

### साबूदाना पोटेटो पकोड़े



**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

### राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।

परवरिश / सरस्वती रमेश

# बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन



नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-

**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

**लोगों को परखना सिखाएं:** जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी आदमपुर रोड अग्रोहा निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में लक्ष्मी मंडी निवासी राजेश ने मोहल्ला डोगरान चौकी में डीआर सेंटर रेलवे रोड हिसार के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। मुख्य सिपाही वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### 15 बोतल अवैध शराब सहित एक व्यक्ति काबू

**हिसार।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी टीम ने बस स्टैंड खेदड़ से एक व्यक्ति को काबू कर 15 बोतल अवैध शराब बरामद की है। मुख्य सिपाही नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव खेदड़ बस स्टैंड इंद्रा कॉलोनी खेदड़ निवासी राजबीर को काबू करके उससे पास रखे प्लास्टिक के कट्टे से 15 बोतल अवैध शराब बरामद की।

### सेक्टर 9-11 में लाखों की नकदी व सामान चोरी

**हिसार।** शहर के सेक्टर 9-11 के एक मकान से अज्ञात चोर लाखों की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गए। घटना के समय परिवार के लोग किसी काम से दिल्ली गए हुए थे। वापस आकर मकान देखा तो उनको चोरी का पता चला।

## शहर के सभी मंदिरों में सजे माता रानी के दरबार

# माता रानी के जयकारों से गुंजायमान होंगे सभी मंदिर

### नवरात्रों की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने जमकर की खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार से शुरु हो रहे चैत्र नवरात्रों पर सभी मंदिर माता रानी के जयकारों से गुंजायमान होंगे। चैत्र नवरात्रि की तैयारियां को लेकर दिनभर बाजारों में भीड़ भाड़ रही। महिलाओं व अन्य श्रद्धालुओं ने नवरात्र पर्व को लेकर जमकर खरीददारी की। चैत्र नवरात्रों में माता को रिजाने एवं उनका आशीर्वाद पाने के लिए महिलाएं सोमवार को पूरे दिन बाजार में खरीददारी करती दिखाई दी। वहीं शहर के मंदिरों को लाइटिंग व लड्डियों से सजाया तथा सुंदर पोशाक से जगत जननी मां दुर्गा का दरबार सजाया गया।

मंगलवार नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू होकर 17 अप्रैल रामनवमी को संपन्न होंगे। नौ अप्रैल पहले नवरात्र को सुबह 6 बजकर पांच मिनट से 10:16 बजे तक घटस्थापना का शुभ मुहूर्त हैं। घटस्थापना करके पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी और श्रद्धालु उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे।



**भिवानी।** सराय चौपटा स्थित दुकान पर नवरात्र की पूजा अर्चना का सामान खरीददती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

इसी तरह दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघण्टा, चौथे दिन मां कुष्माण्डा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी व नौवें अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करके कन्याओं को भोजन करवाकर रामनवमी मनाई जाएगी और नवरात्रों का समापन होगा। नवरात्रों की पूर्व संध्या पर बाजार में माता रानी के भक्तों की जबरदस्त भीड़ रही और उन्होंने पूजा सामग्री व अन्य सामान की जमकर खरीददारी की।

#### दुकानों पर भी रही भीड़

नवरात्रों पर महिलाएं नौ दिन पर उपवास रखकर माता रानी से आशीर्वाद की कामना करती हैं, इसी के चलते किरयाणा की दुकानों पर व्रत में कुट्टू का आटा, सामक, काली मिर्च, सेंधा नमक, पापड़, पेठा मिठाई सहित व्रत में खाने वाली चीजों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही।

वहीं दुकानदारों ने हमेशा की तरह दुकान में सामान की सूची दिखाकर फटाफट ग्राहकों को सामान उपलब्ध करवाया। नवरात्रों पर माता रानी की नौ दिन तक पूर्जा अर्चना पूरे विधि विधान अनुसार करके उनका आशीर्वाद पाने के लिए महिलाएं कोई कौरकसर नहीं छोड़ना चाहती। महिलाओं ने बाजार से जौ, धूप, फूल, पान, फल, लौंग, दुर्वा, कपूर, अक्षत, सुपारी, कलश, कलावा, नारियल, माता की लाल चुनरी, लाल वस्त्र, इलायची, पान के पत्ते, लाल चंदन, दीपक व माता का श्रृंगार की खरीददारी की। नवरात्रों की तैयारियों को लेकर महिलाएं पूरे दिन बाजार में व्यस्त रही।

- किरयाणा की दुकानों पर व्रत में कुट्टू का आटा, सामक, काली मिर्च, सेंधा नमक, पापड़, पेठा मिठाई सहित व्रत में खाने वाली चीजों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही।

#### मंदिरों में रही भीड़

हर बार की तरह नवरात्रों में माता रानी के दर्शनों के लिए शहर के अलावा गांवों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ रहती हैं। कृष्णा कॉलोनी फाटक पार दुर्गा कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर, नया बाजार स्थित भोजवाली देवी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती हैं और श्रद्धालुगण सैंकड़ों की संख्या अखंड ज्योत प्रज्वलित करवाते हैं। वहीं हनुमान ढाणी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, रेलवे रोड गुफावाला माता मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों में माता रानी की दरबार व मंदिर लाइटों व लड्डियों से सजाए गए हैं।

# खेल गतिविधियों को लेकर की चर्चा

- जिला शिक्षा अधिकारी से मिला हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल
- विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए खेलों का आयोजन जरूरी : सुधीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला की अध्यक्षता में सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता से मिला तथा उन्हे एसोसिएशन की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए विद्यालयी स्तर पर खेल गतिविधियां आयोजित करवाने पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। यह जानकारी देते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन के जिला महासचिव सुधीर मलिक ने बताया कि एसो. के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से आगामी विद्यालय क्त्रीडा प्रतियोगिता के बारे में तथा गत वर्ष आई समस्याओं को दूर करने बारे विचार.विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास पर पूरा ध्यान देती है। जिसके लिए जरूरी है कि स्कूली स्तर पर समय.समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इसीलिए खेलों का आयोजन समय पर होना जरूरी है। डीईओ ने आश्वासन दिया कि वे एसोसिएशन का पूरा सहयोग करेंगे।

### अधिकारी समस्याओं का समाधान करें: उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शहर में नागरिकों के समक्ष पेयजल की समस्या न बनने दें। यदि पेयजल आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या आती है तो उसका तुरंत समाधान करें। मोबाईल नंबर पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें। वार्ड स्तर पर जेई की ड्यूटी लगाई गई है। इनके अलावा नागरिक विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत के मोबाइल नंबर 9468191180 पर और एसडीओ सतीश कुमार के मोबाइल नंबर 9813227296 पर संपर्क कर सकते हैं। गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरेश नरवाल ने अधिकारियों व कर्मचारियों की शहर में वार्ड स्तर पर ड्यूटी लगाई है।



**चरखी दादरी।** ग्रामीणों को संबोधित करते अनिल धनखड़। फोटो :हरिभूमि

### भर्ती विधान की सराहना

**चरखी दादरी।** युवा भागीदारी न्याय के तहत हरियाणा के विभागों में खाली पड़े दो लाख से ज्यादा पदों पर पक्की, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती करना कांग्रेस का मकसद है, इसके लिए पार्टी द्वारा बकायदा भर्ती विधान जारी किया जाएगा, ये बात सोमवार को गांव अचीना में कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा द्वारा जारी किए भर्ती विधान की सराहना करते हुए कही। धनखड़ ने बताया कि भर्ती विधान के अनुसार सबसे पहले युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी देने के लिए मौजूदा सरकार में जड़ जमाए बैठे पेपर लीक एवं नौकरियों को बेचने वाले माफिया का सफाया किया जाएगा। अगर किसी भर्ती में अनियमितता मिली तो सिर्फ बाहरी एजेंसियों को नहीं, बल्कि सीधे तौर पर एचएसएससी एवं एचपीएससी में बैठे अधिकारियों, सदस्यों और चेयरमैन को भी जिम्मेदार माना जाएगा तथा उनपर कार्रवाई होगी।



**भिवानी।** लोगों से बातचीत करते विधायक घनश्याम सर्राफ।

### रैली को लेकर लोगों में उत्साह : सर्राफ

**भिवानी।** विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि 11 अप्रैल को भिवानी में होने वाली विजय संकल्प रैली के प्रति जबरदस्त उत्साह है। रैली में अथाह भीड़ पहुंचकर इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगी। उक्त रैली अब तक कि सभी रैलियों से बड़ी रैली होगी। वे रैली की सफलता को लेकर आयोजित जनसम्पर्क अभियान के तहत गांव सांगा में एकत्रित लोगों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों को रैली में पहुंचने का न्यौता भी दिया। विधायक सर्राफ ने बताया कि भाजपा सरकार की सोच है कि लाइन के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचे। फिलहाल सरकार की योजनाओं का हर व्यक्ति तक फायदा मिल भी रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त रैली की तैयारियां पूरी की जा रही है। जल्द ही समारोह स्थल पर रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सोमवार को विधायक सर्राफ ने आधा दर्जन गांवों में पहुंचकर लोगों को रैली में पहुंचने का न्योता दिया।

# रैलियों से जांचा जाएगा जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता का पैमाना

- हर हलकों में वोटरों की नब्ज टटोलने में जुटी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भले ही कांग्रेस के अलावा कुछ अन्य दलों ने लोकसभा के चुनावी उम्मीदवारों की घोषणा न की हो,लेकिन भाजपा लोकसभा के चुनावी महारथी रण में उतारने के बाद अब विधानसभा में रैलियों का आयोजन करके जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता पारा जांचने में जुट गई है। रोजाना प्रदेश के किसी न किसी हलके में रैली का आयोजन करवाकर वहां के मतदाताओं का मन टटोल रहे है। साथ में वर्तमान के जनप्रतिनिधि की लोकप्रियता को भी जांचा जा रहा है। माना जा रहा है। भाजपा ने यह अभियान लोकसभा के बाद हरियाणा में होने वाले विधानसभा के चुनावों को लेकर लिया है। सभी पार्टियां लोस के चुनाव में उलझी है,लेकिन भाजपा ने प्रदेश के हर हलके में रैलियों का आयोजन करना आरंभ कर दिया। इसका ताजा उदाहरण नए मंत्रीमंडल का गठन के तुरंत बाद बवानीखेड़ा और अब 11 अप्रैल को भिवानी विस में विजय संकल्प रैली रखकर जनप्रतिनिधियों की जनता में लोकप्रियता की जांच करनी आरंभ कर दी है। भाजपा सीएम नायब सैनी के माध्यम से रैलियों का आयोजन में जुटी है।

# मतदान जरूर करें, यह आपका अधिकार : एसडीएम

- कैरू स्थित राजकीय महिला कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** छात्राओं को संबोधित करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें। लोकतंत्र को जीवत रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। किसी लालच या जाति वर्ग आदि के प्रभाव के तहत वोट न डालें बल्कि सोच समझ कर सही उम्मीदवार को चुने ताकि हम अपनी पसंद की सरकार बना सकें। एसडीएम सोमवार को कैरू स्थित राजकीय महिला कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम ने तोशाम उपमंडल परिसर में स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में शत.प्रतिशत मतदान की अपील की। एसडीएम ने कहा कि अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे, तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संविधान में दिए अधिकार को समझें और 25 मई को अपना वोट डालने जरुर जाएं ताकि सौ फीसद मतदान से लोकतंत्र का सही स्वरुप बन सके। इस लिए मेरी हर वोटर से अपील है कि हमें अपनी वोट का सही उपयोग करना चाहिए। एसडीएम ने सभी छात्राओं को मतदान की शपथ भी दिलाई। एसडीएम ने उपमंडल परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इसके अलावा एसडीएम के मार्गदर्शन में विभिन्न कॉलेजों, स्कूलों एवं आईटीआई में भी मतदान की शपथ दिलाई गई। राजकीय महिला कॉलेज कैरू में स्वीप टीम के सदस्य एसोसिएट प्रोफेसर जसवंत सिंह, कैरू कॉलेज से डॉ सन्दीप सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर मनोज सांगवान आदि मौजूद रहे।

# संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा पहुंचे तोशाम

- भाजपा नेता अनिल शर्मा के तोशाम निवास स्थान पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा के साथ स्थानीय नेता।

हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा व भिवानी.महेंद्रगढ़ सीट से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा के तोशाम विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे। जहां हरियाणा भाजपा संगठन मंत्री ने आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियो का जायजा लिया और आगे की रणनीतियों के लिए कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान भाजपा संगठन मंत्री भाजपा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अनिल शर्मा के निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इससे पहले भाजपा नेता अनिल शर्मा के निवास स्थान पहुंचने पर हरियाणा भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा का कार्यकर्ताओं सहित अनिल शर्मा ने फूल.मालाओं से भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारीयों का जायजा लिया और चुनाव को लेकर आगामी रणनीति तैयार की। इस अवसर पर तोशाम मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोमी पंडित, तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र बापोड़ा, सुरेश लाठर, सुनील शर्मा, दीपचंद भारद्वाज, सुरेंद्र शर्मा, अश्विनी, नरसिंह मलिक, नवीन शयोराण, सुनील सोनी, दीपक आदि सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



### पूर्वमंत्री स्वर्गीय अमर सिंह के अधूरे सपनों को करेंगे पूरा : नमन

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा सरकार में चार बार मंत्री रहे स्वर्गीय अमर सिंह धानक की जयंती बवानीखेड़ा स्थित बाबा कमाल मंदिर में धूमधाम मनाई गई। समारोह में उनके पौत्र नमन राजेन्द्र धानक उपस्थित हुए और पूर्वमंत्री धानक के जीवन पर प्रकाश डाला। नमन ने बताया कि पूर्वमंत्री स्वर्गीय अमर सिंह का जन्म सात अप्रैल 1930 को हुआ था, उनकी जयंती को धानक समाज गौरव दिवस के रूप में मनाया रहा हैं। नमन ने कहा कि वे अपने दादा पूर्वमंत्री स्वर्गीय अमर सिंह धानक के दिखाए मार्ग पर चलेंगे और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। समाजसेवी राजेंद्र सोलंकी कलिंगा ने कहा कि पूर्वमंत्री धानक ने सर्वसमाज के लिए काम किया, इसीलिए धानक समाज ने उन्हें धानक रत्न से सम्मानित किया था। समारोह में समाजसेवी सुनील सोलंकी, बाबूलाल इंदौरा, रामेश्वर गोलागढ़, सतीश लेक्चर, प्यारेलाल कायत, बलवान आर्य, रमेश पचेरवाल, बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है चुनाव

- एसडीएम ने पीएमश्री विद्यालय से रवाना की मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



**लोहारू।** जागरूकता रैली को रवाना करते हुए एसडीएम अमित कुमार।

एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। लोकतंत्र में चुनाव किसी पर्व से कम नही होता। इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस पर्व में योगदान देना चाहिए। जब अधिक से अधिक नागरिक अपने मतदान का प्रयोग करेंगे तो लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और देश में सशक्त सरकार बनेगी।

वे सोमवार को बीईओ विजय प्रभा की अध्यक्षता में स्थानीय पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली को रवाना कर रहे थे। बीईओ विजय प्रभा ने इससे पहले सभी विद्यार्थियों को लोकतंत्र में वोट का महत्व भी बताया। कार्यक्रम के दौरान भौतिक विज्ञान प्रवक्ता संजय सैनी ने वोट करेंगे शीर्षक से कविता का मंचन किया। एसडीएम ने कहा कि हमें स्वयं व अपने बड़ों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि हमें बैगर लोभ.लालच व भय के मतदान में हिस्सा लेना है ताकि हम देश के लिए सशक्त सरकार का चुनाव कर सकें। बीईओ विजय प्रभा मौजूदगी में छात्राओं को शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम का समापन रैली के द्वारा किया गया। डीपीई विनोद बॉक्सर के नेतृत्व में जागरूकता रैली के दौरान छात्राओं ने शहर के बस स्टेंड, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, शहीद भगत सिंह चौक आदि इलाकों में लोगों से अधिक से अधिक मतदान की अपील की।



**भिवानी।** विद्यार्थियों को पुरस्कृत करती अतिथि।

### विद्यार्थियों को दी हिंदू नववर्ष की जानकारी

**भिवानी।** सोमवार को श्रीमति अनारादेवी अग्रवाल स्कूल में श्रीअग्रसेन महिला मंडल द्वारा विक्रमी संवत 2081 के अभिनंदन को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके महाराजा अग्रसेन की आरती से किया। इसके उपरांत स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिन्हें देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। स्कूल प्राचार्या रीतू खेमका ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को विक्रमी संवत-2081 के बारे में जानकारी दी गई। मंडल की अध्यक्षा रेखा गुप्ता ने कहा कि राजा विक्रमादित्य के समय से जो नववर्ष का शुभारंभ हुआ, उसे विक्रमी संवत कहा जाता है। 9 अप्रैल से हम 2081 विक्रमी संवत में प्रवेश कर जाएंगे। सनातन धर्म में नववर्ष की शुरूआत विक्रमी संवत से होती है, जबकि हम पाश्चात्य संस्कृति की लकीर पीटते हुए एक जनवरी से नया साल मनाते है, जो हमारी संस्कृति के एकदम विपरीत है। कार्यक्रम के अंत में मंडल की संरक्षक सारिका कोकड़ा ने स्कूल स्टाफ का आभार जताया तथा चैत्र नवरात्रों की बधाई दी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एआरओ को दिए निर्देश

# मतदान के समय हीटवेव से बचाव को करें पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानसार जिले में मतदान के दौरान मतदाताओं को हीटवेव से बचाव के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल का प्रबंध रहेगा, सामान्य मतदाताओं के साथ-साथ बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं पर लू से बचाव पर विशेष ध्यान रहेगा, इसके लिए मतदान प्रक्रिया में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को हीटवेव से सेहत पर होने वाले प्रभाव व लक्षणों की जानकारी दी जाएगी, ताकि समय रहते चिकित्सा सेवाएं ली जा सके।

उन्होंने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों की सेहत के चलते सभी पोलिंग बूथों पर फर्स्ट एड किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी।



- सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी फर्स्ट एड किट

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा, ऐसे में अत्यधिक गर्मी होना स्वाभाविक है। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मौसम विभाग ने भी मतदान के समय हीटवेव चलने की संभावना जताई है। निर्बाध रूप से मतदान प्रक्रिया चलाने को निर्वाचन आयोग ने विशेष सावधानी बरतने व तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं, इनमें लाईन में लगे मतदाताओं का लू से बचाव करने को छांव का प्रबंध करना, मतदान केंद्र का हवादार होना, मतदान केंद्र में पंखे होना, वरिष्ठ नागरिको, विकलांग एवं कमजोर वोटरों को विशेष सहायता शामिल है।

#### पोलिंग बूथों पर उपलब्ध रहेगी फर्स्ट एड किट

डीसी ने बताया कि पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के साथ-साथ मतदान प्रक्रिया में नियुक्त स्टाफ के लिए फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहेगी। पोलिंग स्टाफ को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए प्रत्येक पोलिंग बूथ पर फर्स्ट एड किट उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसमें उल्टी, दस्त आदि की भी दवा होगी। जिले में मतदान के लिए 912 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

#### मौसम विभाग ने मतदान के दिन जताई हीटवेव की संभावना

नरवाल ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा मतदान के दिन हीटवेव की संभावना जताई गई है, इसी के चलते भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हीटवेव से बचाव के लिए निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के बारे में जिले में सभी एआरओ को निर्देश दे दिए गए। बुजुर्गों व दिव्यांगजनों के साथ-साथ सामान्यजन को मतदान में परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल का प्रबंध किया जाएगा।

### 900 नशीले कैप्सूल रखने के दोषी को 5 साल कैद

**हिसार।** अदालत ने प्रतिबंधित 900 नशीले कैप्सूल रखने के मामले में दोषी करार गांव चिकनवास के संजय को 5 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि अदालत ने 2 अप्रैल को संजय को दोषी करार दिया था और सजा सुनाने के लिए 8 अप्रैल की तिथि तय की थी। अदालत में चले अभियोग के अनुसार अग्रोहा थाना पुलिस ने 11 अगस्त 2020 को एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। घटना वाले दिन एंटी नारकोटिक्स सेल की एक टीम सरकारी गाड़ी में चिकनवास पुल के नीचे मौजूद थी।

**सूचना**

मैं, राजबीर पुत्र श्री बिहारी लाल निवासी धारेडू, तहसील व जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कपिल व मेरी पुत्रवधु तन्नु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम रसामृत महोत्सव साप्ताहिक कथा शुरू

**भिवानी।** श्रीराम सामाजिक सेवा समिति द्वारा सेक्टर 13 में भगवान रामलला गुंज के साथ चलने वाली श्रीराम रसामृत महोत्सव साप्ताहिक कथा का मंगल कलश यात्रा के साथ आगाज हुआ। कलश यात्रा में 108 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा राधा मंदिर से कम्युनिटी सेंटर के सामने से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जिसमें महिलाओं ने नाचते एवं मंगल गीत गाते हुए भाग लिया।



### 98 विद्यार्थियों ने प्रतिभा खोज में लिया हिस्सा

**भिवानी।** ढाणी हरसुख स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से 10वीं तक के कुल 98 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सेवानिवृत्त लेक्चरर मुरारीलाल की देखरेख में हुआ।



### शहीद मंगल पांडे को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** शहीद मंगल पांडे के 167वें शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने कहा कि मंगल पाण्डेय ने अपने साथियों के साथखुलेआम अंग्रेजों का विद्रोह किया। उन्होंने कहा कि किसी के न मारने पर उन्होंने अपने प्राण लेने का प्रयास किया।

## तीन साल खेलने व पढ़ने के बाद पहली क्लास में पहुंचता है बच्चा

# बिना पंजीकरण के प्ले स्कूलों में खेल रहे हैं बालक

- प्राइवेट स्कूल पंजीकरण के लिए नहीं आ रहे आगे
- शहर या कस्बे के हरेक प्राइवेट स्कूल में प्ले स्कूल चलाया जा रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे। फोटो :हरिभूमि

बार-बार आदेश देने के बावजूद प्राइवेट प्ले स्कूल पंजीकरण करवाने के लिए आगे नहीं आ रहे है,जबकि शहर में कुकरमुते की तरह प्ले स्कूल चल रहे है। हैरानी की बात यह है कि शहर या कस्बे के हरेक प्राइवेट स्कूल में प्ले स्कूल चलाया जा रहा है,जबकि इनमें से अधिकांश प्ले स्कूलों का पंजीकरण ही नहीं है। हालांकि कुछ स्कूलों ने प्ले स्कूल पंजीकरण करवाया है और कुछ की फाइलें तैयार है,लेकिन अभी तक अधिकांश प्ले स्कूलों का पंजीकरण ही नहीं कराया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए धड़ल्ले से प्ले स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। फिलहाल जिले में छोटे व बड़े मिलाकर करीब सौ के आसपास प्ले स्कूल संचालित है। जो बड़े बच्चों के साथ छोटे बच्चों को स्कूल में बुलाया जा रहा है। पूरे दिन बच्चों को खिलाने व थोड़ा बहुत अक्षर ज्ञान देने के बाद उनकी छुट्टी कर दी जाती है।

### खिलौनों से बहलाया जाता है छोटे बालकों को

प्राइवेट स्कूलों में स्थापित प्ले स्कूलों में बच्चों को खिलौने के सहारे पूरे दिन बहलाया जाता है। स्कूल परिसर में बड़े बड़े खिलौने रखे जाते है। जब छोटे बच्चे इन स्कूलों में पहुंचते है तो वे खिलौनों के प्रति आर्कषित हो जाते है और अभिभावक उन्हीं स्कूलों में उनका पंजीकरण करवा देते है। बच्चे पूरे दिन खिलौनों के साथ खेलते है। इस दौरान छोटे बच्चों को थोड़ा बहुत अक्षर ज्ञान चित्रों या खिलौनों के माध्यम से ही दिया जाता है। इन बच्चों को फीस बड़े बच्चों के बराबर ही ली जाती है। सबसे पहले प्ले स्कूल में तीन साल के बच्चे को बाल वाटिका प्रथम, चार वर्ष की उमर में बाल वाटिका द्वितीय तथा पांच साल की उम्र में तृतीय करवाई जाती है। इन तीनों वर्षा्ें में निजी स्कूल संचालक अभिभावकों से मोटी फीस वसूलते है। उसके बाद ही पहली क्लास में उनका पंजीकरण करवाया जाता है। कायदे से उन प्ले स्कूलों में ही बच्चे का दाखिला करवाया जाता है। जिनका सरकार के पास पंजीकरण हो,लेकिन जिले में 40-50 प्ले स्कूलों का पंजीकरण है,बाकि बिना पंजीकरण के ही चल रहे है।

### पंजीकरण अनिवार्य : वैशाली

**भिवानी।** महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला केवल पंजीकृत प्ले स्कूलों में ही करवाएं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली ने बताया कि एनसीपीसीआर द्वारा प्ले स्कूल की नई गाइडलाइन जारी की है। गाईडलाइन के अनुसार अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पहले प्ले स्कूल की मान्यता की जांच अवश्य कर लें। जिले के सभी प्राइवेट स्कूल संचालकों से भी आह्वान किया गया है कि वे प्ले स्कूल का विभागीय दिशा निर्देशानुसार जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना पंजीकरण के चल रहे प्ले स्कूलों को नियमानुसार बंद करवा दिया जाएगा। जिला के सभी प्राइवेट प्ले स्कूल जो छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे है प्ले स्कूल संचालक पंजीकरण के लिए अपना आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के पते पर भिजवा सकते हैं। आवेदन फार्म सरल हरियाणा पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदनों की जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गठित कमेटी प्ले स्कूलों की जांच करेगी। प्ले स्कूल की हर वर्ष मान्यता रिन्यू करवाना भी अनिवार्य है। प्ले स्कूल अगर नियमों अनुसार नहीं चलाए जा रहे तो उन्हें बंद करवाया जाएगा। जिला भिवानी में प्राइवेट प्ले स्कूलों के मापदंड और दिशा निर्देशों की पूर्ति करने वाले सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण किया गया है। हरियाणा शिक्षा बोर्ड व केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को भी प्ले स्कूल चलाने के लिए मान्यता लेनी होंगी ।

## प्ले स्कूल में रेडीनस मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम**

- अभिभावकों को बच्चों के नामांकन प्रति प्रेरित किया

सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में स्थित प्ले स्कूल में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नामांकन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भव्य रेडीनस मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कर्मचारियों द्वारा बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के नामांकन प्रति अधिक से अधिक प्रेरित किया गया। यह भव्य रेडीनेस मेला विभाग की सुपरवाइजर कुसुम मलिक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान बीआरसी से सत्यवान तथा मुख्य अध्यापक राम भतेरी, शीला व पंच कर्मवीर ने बतौर अतिथि शिरकत की। इस मौके पर प्रथम टीम में शयोन तथा नीतू ने सभी आवश्यक निर्देश व अवलोकन का कार्य किया। इस दौरान पहुंचे अभिभावकों को वर्ष भर में बच्चों के द्वारा किए गए मौखिक व लेखन अभ्यास के बारे में बताया गया तथा बच्चों के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। बच्चों के अभिभावकों को पूरक पोषाहार में पूर्व स्कूली शिक्षा के बारे में जानकारी दी गई। सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं प्ले स्कूल में तीन से चार वर्ष, चार से पांच वर्ष, 5 से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग.अलग आयु के समूह में बच्चों से क्रियाएं करवाई जाती हैं।

### टोल फ्रीनंबर 1950 पर 324 ने ली जानकारी

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं पारदर्शिता निर्वाचन के निर्देशानुसार सिविजल एप के माध्यम से नागरिकों की चुनाव से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिला में अब 46 लोगों ने आदर्श चुनाव आचार संहिता से संबंधित शिकायत दर्ज करवाई हैं, जिनका समाधान किया जा चुका है। इसी प्रकार से टोल फ्री नंबर 1950 पर अब तक 324 लोगों ने चुनाव से संबंधित जानकारी ली हैं, जिनमें अधिकांश वोट बनवाने के बारे में हैं। डीसी नरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न प्रकार की एप और पोर्टल के माध्यम से चुनाव संबंधित जानकारी दी जा रही है।

- सिवीजल एप पर आ चुकी हैं 46 शिकायतें

# चुनाव ड्यूटी में कोताही का कोई स्थान नहीं

## उपायुक्त मनदीप कौर ने की चुनाव समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी**



लोकसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का फोन नंबर संबंधित एआरओ और निर्वाचन कार्यालय में होना चाहिए, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को चुनाव कार्य के लिए कभी भी फोन किया जा सकता है, इसलिए ये अधिकारी व कर्मचारी फोन उठाना भी सुनिश्चित करें। चुनाव संबंधित ड्यूटी में कोताही के लिए किसी को ढील नहीं दी जाएगी, उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए बनाए गए नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों से तैयारियों की रिपोर्ट ली और एक एक करके सभी की तैयारियों को परखा। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना बड़ी जिम्मेदारी है और इसके लिए तैयारियां अच्छी प्रकार से होंगी।

### जिला मतदाता सहायता केन्द्र की होगी स्थापना

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में मतदाता सहायता केन्द्र की स्थापना की जा रही है। आयोग के निर्देशों पर सहायता केन्द्र के इंचार्ज अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह होंगे। इस संबंध में उन्हें अतिरिक्त एआरओ नामित करवाने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस सहायता केन्द्र के माध्यम से मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी।

### अभी तक कंट्रोल रूम में प्राप्त हुई 132 शिकायतें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में कंट्रोल रूम में आई शिकायतों के बारे में फीडबैक ली और बताया कि कंट्रोल रूम में अभी तक कुल 132 शिकायतें प्राप्त हुई हैं और सभी का समाधान कर दिया गया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर रहेगा फोकस

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप के तहत पात्र नागरिकों के वोट बनवाएं जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में अबकी बार मतदान कम से कम 75 प्रतिशत हो। लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए।



भिवानी। मैच के दौरान गेंदबाजी करता बॉलर व शॉट जमाता बेट्समैन।

## लोहारू लायंस ने तोशाम टाइगर्स को दी शिकस्त

**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने गांव रेवाड़ीखेड़ा के ठाकुर आजाद सिंह खेल स्टेडियम में 16 दिवसीय भिवानी प्रीमियर क्रिकेट लीग के 10वें दिन भी खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी खिलाड़ियों ने प्रतिद्धंदी टीम को हराने के लिए पूरे जोश के साथ मैदान में उतरे। मैच का शुभारंभ कोमल गर्ग, जितेंद्र शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, कर्मवीर शर्मा ने बतौर अतिथि पहुंचकर किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि भिवानी प्रीमियर क्रिकेट के 10वें दिन पहला मैच लोहारू लायंस व तोशाम टाईगर्स के बीच हुआ। लोहारू लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। तोशाम टाइगर्स ने बल्लेबाजी कर मात्र 99 रन पर ऑल आऊट हो गई। लोहारू लायंस ने 15.3 ओवर में 4 विकेट से मैच जीत लिया। सर्वाधिक विनोद ने 51 रन बनाए और विनोद को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। वहीं टूनार्मेंट के सबसे युवा गेंदबाज 11 वर्षीय अमोल ने तीन विकेट चटकाए।

## लिफ्ट का बटन दबाने के साथ ही मतदान के लिए जागरूक करेगी ऊंगली

**भिवानी।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर स्वीप अभियान जोरों पर हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा स्वीप अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में सार्वजनिक स्थानों के साथ ही नागरिकों को अस्पतालों व अन्य जगहों पर लिफ्ट में भी मतदान के प्रति जागरूकता के लिए स्टीकर नजर आएंगे, जो लिफ्ट का बटन दबाने से पहले मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में अबकी बार लोकसभा चुनाव में जिला में 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार एडीसी हर्षित कुमार की अगुवाई में स्वीप प्लान तैयार किया गया है।

## सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ स्किल भी जरूरी



**भिवानी।** गांव सुई में एकल ग्रामोत्थ फाउंडेशन द्वारा बच्चों को प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में गांव सुई व बलियाली से आए बच्चों को स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सुई के राजकीय वमा विद्यालय की अध्यापिका नीलम लीखा थी। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ स्किल जरूर सीखनी चाहिए, उससे उनका संपूर्ण विकास होगा और रोजगार पढ़ाई के बाद मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को कंप्यूटर सिलाई व ब्यूटीपार्लर का ज्ञान होना चाहिए। नीलम ने केंद्र पर छात्रों को वर्तमान समय में उनके व्यक्तित्व में किस प्रकार का निखार आए उसके लिए साप्ताहिक प्रशिक्षण का आज विधिवत उद्घाटन भी किया। केंद्र प्रमुख राहुल शर्मा ने कहा आज के समय में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को जागरूक करने का कार्य एकल ग्रामोत्थान योजना कर रहा है।

# संदीप भिवानी व ब्रह्मप्रकाश दादरी के बने अध्यक्ष

- भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**



भिवानी। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

बजरंग बली कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय में भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी का अधिवेशन हुआ। इस मौके पर जिला मंत्री संदीप बागनवाला ने जिले की रिपोर्ट का विस्तृत ब्यौरा दिया। अधिवेशन में संघ से जुड़े सभी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इसके उपरांत जिले के कार्यकारी अध्यक्ष सुशील बिश्नोई ने पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। प्रदेश संगठन की तरफ से चुनाव अधिकारी की भूमिका संघ के प्रांत मंत्री एवं विभाग प्रमुख भिवानी हवासिंह तंवर ने निभाई।

उन्होंने नए पदाधिकारी की घोषणा की, जिसमें संदीप बागनवाला को जिलाध्यक्ष, सुजीत कुमार व संदीप को जिला उपाध्यक्ष, पवन कौशिक को जिला मंत्री, दिनेश व ज्योति रानी को जिला सहमंत्री, पवन को वित्त सचिव, इमरान को प्रेस सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई।

वहीं दादरी की सोनी धर्मशाला में भारतीय मजदूर संघ चरखी दादरी के अधिवेशन में सर्वसम्मति से ब्रह्मप्रकाश को ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष, अनुबंधित विधुत कर्मचारी संघ कर्मचारी के मुकेश को उपाध्यक्ष, सर्व आईटीआई अनुबंधित अनुदेशक कर्मचारी संघ के सुरेश को उपाध्यक्ष, विजय शर्मा वित्तीय संस्थान कर्मचारी संघ को जिला मंत्री, सहमंत्री प्रवीण कुमार कंप्यूटर लैब सहायक कर्मचारी संघ तथा कविता भवन निर्माण कर्मचारी संघ को सहमंत्री नियुक्त किया हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

**कार्यक्रम** | द ऑकुवड स्कूल में विद्यार्थियों को दिए स्वास्थ्य संबंधी टिप्स

# विद्यार्थी फास्ट फूड से करें परहेज, यह जहर के समान, स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन : दिनेश

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने को शारीरिक मजबूती जरूरी: भारद्वाज

- फास्ट फूड रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर शरीर में बीमारियां को जन्म देता है

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**



भिवानी। द ऑकुवड स्कूल में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य का महत्व बताते प्राचार्य सज्जन भारद्वाज।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में द ऑकुवड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है,यदि विद्यार्थी शारीरिक रूप से स्वस्थ होंगे, तभी वे मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दे पाएंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के महत्व से अवगत करवाया और फास्ट फूड से दूर रहकर स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। निदेशक दिनेश सिंह व विक्रम राणा ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन हैं, यदि व्यक्ति का स्वास्थ्य उत्तम है, तभी वह जीवन की सुख सुविधाओं का आनंद उठा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से फास्ट फूड से परहेज करने का आह्वान किया, क्योंकि फास्ट फूड जहर के समान है। फास्ट फूड रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे खत्म कर शरीर में बीमारियां को जन्म देता है, ऐसे में विद्यार्थी अनजाने में फास्ट फूड से खुद बीमारियों को न्योता देते है, भारद्वाज ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 1948 में हर वर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस घोषित किया, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। भारद्वाज ने कहा कि गरीबी और प्रदूषण की वजह से लोगों का स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ रहा है, ऐसे में आज के परिवेश में स्वास्थ्य के प्रति और भी अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही एकमात्र बचाव है। हमें धुम्रपान, शराब का सेवन नहीं करना चाहिए, ताजा भोजन, ढ़ेर सारा सलाद व भरपूर मात्रा में पानी का प्रयोग करना चाहिए, सुबह की सैर, योग व ध्यान भी करना चाहिए। इस अवसर पर मानवेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक
नोटस पैकेज
शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973